# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बस्ती

संख्या 17 /पन्द्रह–6–2011/दिनॉक : बस्ती : 08 जनवरी, 2025

## आदेश

अधीनस्थ न्यायालयों में वर्ष 2025 के उपयोगार्थ माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रेषित अवकाश सूची (कैलेण्डर) के टिप्पणी के प्रस्तर–3 में दिये गये निर्देश के अनुसार पॉच स्थानीय अवकाश जिला मजिस्ट्रेट के विचार विमर्श से अधीनस्थ न्यायालयों मे घोषित किये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश को अधिकृत किया गया है। इस सम्बन्ध में जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय से प्राप्त अवकाश सूची एवं स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने के सम्बन्ध मे माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या– 68/दस–ई–4 दिनांकित 26.07.1980 का अवलोकन तथा जिला मजिस्ट्रेट से विचार–विमर्श किया। माननीय उच्च न्यायालय के उक्त परिपत्र में राजस्व न्यायालयों के अवकाश से समरूपता बनाये रखते हुए अवकाश घोषित करने का निर्देश है।

जिला मजिस्ट्रेट बस्ती के कार्यालय से वर्ष 2025 में उपयोग के लिए प्राप्त अवकाश सूची के अनुसूची–1 मे दिनांक 01.10.2025 को दशहरा (महानवमी) के उपलक्ष्य में सार्वजनिक अवकाश, अनुसूची– 3 में दिनांक 14.01.2025 को मकर संक्रान्ति को निर्बन्धित अवकाश, अनुसूची– 6 में दिनांक 15.03.2025 को होली, दिनांक 28.03.2025 को जमात–उल–विदा (अलविदा)/रमजान का अन्तिम शुक्रवार तथा दिनांक 23.07.2025 को शिवरात्रि/गौरी पूजन (कांवड़) के उपलक्ष्य में स्थानीय अवकाश घोषित है। माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त अवकाश सूची में उक्त तिथियों को किसी प्रकृति का अवकाश घोषित नहीं है।

माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त अवकाश सूची के टिप्पणी– 3 तथा परिपत्र संख्या–68/दस–ई–4 दिनांकित 26.07.1980 में दिये गये निर्देश के अनुसरण में स्थानीय महत्व के त्योहारों/पर्वो के उपलक्ष्य में स्थानीय अवकाश घोषित किया जा सकता है।

अतः शासन द्वारा घोषित सार्वजनिक अवकाश एवं जिला मजिस्ट्रेट बस्ती द्वारा घोषित स्थानीय अवकाश तथा स्थानीय महत्व के अन्य अवकाश को दृष्टिगत रखकर मैनुअल ऑफ गवर्नमेन्ट आर्डर्स (संशोधित 1981 संस्करण) पैरा– 247 एवं माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रेषित अवकाश कलेण्डर–2025 के प्रस्तर– 3 में निहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए इस न्यायिक अधिष्ठान में निम्नानुसार **स्थानीय अवकाश** घोषित किया जाता है:–

| क्रम सं० | पर्व/त्योहारों का नाम | तिथि | सप्ताह का दिन |
|---|---|---|---|
| 1. | मकर संक्रान्ति | 14.01.2025 | मंगलवार |
| 2. | होली | 15.03.2025 | शनिवार |
| 3. | जमात–उल–विदा (अलविदा)/रमजान का अन्तिम शुक्रवार | 28.03.2025 | शुक्रवार |
| 4. | शिवरात्रि/गौरी पूजन (कांवड़) | 23.07.2025 | बुधवार |
| 5 | दशहरा (महानवमी) | 01.10.2025 | बुधवार |

अधीनस्थ न्यायालयों के लिए माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा वर्ष 2025 के लिए घोषित अवकाश की सूची में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 26.01.2025 (रविवार) तथा रामनवमी के उपलक्ष्य में दिनांक 6.04.2025 (रविवार) को सार्वजनिक अवकाश है। माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त अवकाश सूची की टिप्पणी के प्रस्तर– 7 में यह उल्लेख है कि यदि

08/01/25

कैलेन्डर में वर्णित कोई राष्ट्रीय या अन्य अवकाश द्वितीय शनिवार या रविवार को पड़ता है तो जनपद न्यायाधीश उसके स्थान पर अतिरिक्त दिवस को अवकाश के रूप में घोषित कर सकते है।

माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार दिनांक 26.01.2025 (रविवार) को गणतंत्र दिवस तथा दिनांक 06.04.2025 (रविवार) को रामनवमी के उपलक्ष्य में पड़ने वाले अवकाश के एवज में 02 दिवस का अतिरिक्त अवकाश इस न्यायिक अधिष्ठान में घोषित किया जा सकता है।

माननीय उच्च न्यायालय के अवकाश सूची में दिनांक 22.10.2025 को गोवर्धन पूजा तथा दिनांक 23.10.2025 को भैयादूज/चित्रगुप्त जयंती के उपलक्ष्य में कोई अवकाश घोषित नहीं है। जिला मजिस्ट्रेट, बस्ती के कार्यालय से प्राप्त अवकाशों की अनुसूची में वर्ष 2025 में दिनांक 22.10.2025 को गोवर्धन पूजा तथा दिनांक 23.10.2025 को भैयादूज/चित्रगुप्त जयंती को सार्वजनिक अवकाश घोषित है। उक्त दोनों पर्वो की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 22.10.2025 को गोवर्धन पूजा एवं दिनांक 23.10.2025 को भैयादूज/चित्रगुप्त जयंती के उपलक्ष्य में अतिरिक्त दिवस का अवकाश घोषित किया जाना उपयुक्त है।

अतः माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के कैलेन्डर के प्रस्तर– 7 में दिये गये निर्देश के अनुसरण में दिनांक 26.01.2025 (रविवार) को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में घोषित अवकाश के एवज में दिनांक 22.10.2025 को गोवर्धन पूजा तथा दिनांक 06.04.2025 (रविवार) को रामनवमी के उपलक्ष्य में घोषित अवकाश के एवज में दिनांक 23.10.2025 को भैयादूज/चित्रगुप्त जयंती को अतिरिक्त दिवस के रूप में इस न्यायिक अधिष्ठान मे अवकाश घोषित किया जाता है।

उपरोक्त तिथियों को इस न्यायिक अधिष्ठान के समस्त न्यायालय एवं कार्यालय बन्द रहेंगे तथा उक्त तिथियों को नियत वादों (यदि कोई हो) की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जायेगी।

इस आदेश को जनपद न्यायालय, बस्ती के स्थानीय वेबसाइट पर अपलोड किया जाये।

समस्त सम्बन्धित सूचित हो।

Vinai Kumar Dwivedi 08/01/25
जनपद न्यायाधीश,
जनपद न्यायाधीश बस्ती

**पृष्ठांकन संख्या** 131 **/पन्द्रह–6–2011/दिनॉक : बस्ती:** 08 **जनवरी, 2025**

1. महा निबन्धक, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।
2. निजी सचिव, माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति, बस्ती को, माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति, बस्ती, के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रार्थना के साथ प्रेषित।
3. जिलाधिकारी, बस्ती।
4. पुलिस अधीक्षक, बस्ती।
5. समस्त न्यायालय/कार्यालय, जनपद न्यायालय, बस्ती।
6. अधीक्षक जिला कारागार, बस्ती।
7. मुख्य चिकित्साधिकारी, बस्ती।
8. जिला सूचना अधिकारी/सहायक सूचना निदेशक, जनपद बस्ती को इस आशय से प्रेषित कि वे उपरोक्त अवकाश की सूचना का प्रचार –प्रसार निःशुल्क रूप से अपने स्तर से सुनिश्चित करें।

08/01/25

9. समस्त अधिवक्ता संघ, जनपद मुख्यालय, बस्ती।
10. जिला शासकीय अधिवक्ता (दाण्डिक) बस्ती।
11. जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) बस्ती।
12. संयुक्त निदेशक अभियोजन, बस्ती।
13. सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बस्ती।
14. नोटिस बोर्ड।

Vinai Kumar Dwivedi 08/01/25

जनपद न्यायाधीश,

बस्ती।

जनपद न्यायाधीश

बस्ती।